श्री राजनारायण : यह सवाल है, मैं स्पष्टीकरण चाहता हूं कि मंत्री के दिमाग के कोने में वह कौन सी छिपी हुई बात है जिस बात को प्रकट करने···मंत्री कहना चाहते हैं कि उस कमेटी में ज्यादातर ब्राह्मण थे क्योंकि मैं जानता हूं कि बहुत से ब्राह्मण भी गोमांस खाते हैं, मैं जानता हूं बहुत से मुसलमान गोमांस नहीं खाते, मैं जानता हूं बहुत से हरिजन, चमार, गोमांस नहीं खायेंगे । इसलिये संकुचित दृष्टि से उत्तर देना, यह इस सदन का अपमान है, सारे संविधान का अपमान है ।···

श्री जगजीवन राम : जिस व्यक्ति की जो भावना होती है वह उसी दृष्टि से उस चीज को समझता है, वह ऊंची दृष्टि से नहीं समझ सकता ।

श्री उपसभापति : आपका सवाल क्या है ?

श्री राजनारायण : एक सवाल है ; मुझे स्पष्टीकरण चाहिये । माननीय मंत्री ने क्यों कहा उसमें ज्यादातर ब्राह्मण ही हैं । उनको गरम होने की जरूरत नहीं । हम उनकी बात को खूब जानते हैं और हम भी गरम होकर बहुत सी बात जो नहीं कहना चाहते हैं वह भी कह देंगे ।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि चित्त बासु की बात को सुनकर के मुझे आश्चर्य हुआ । उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐसी कमेटी बनाई क्यों । क्या किसी के दबाव में आकर ? मैं उनसे कहना चाहता हूं इसमें दबने या न दबने की बात नहीं है । एक हमारे मित्र ए० पी० चटर्जी साहब नये इस सदन में आए हैं, वह अकसर एक नयी बात कह दिया करते हैं । मैं आपके द्वारा अदब के साथ उनसे कहना चाहता हूं कि गोरक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेवारी अनावश्यक ढंग पर केवल जनसंघ पर न डाली जाये क्योंकि उनके कहने से अर्थ निकलता है कि कुछ संप्रदायवादी लोग इसको कराते हैं । मैं जानता हूं, और मैं अपने बारे में साफ कहना चाहता हूं, कि मैं चाहता हूं गऊ की रक्षा हो । मैं साफ कह देना चाहता हूं, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहते थे कि गऊ की रक्षा हो ।

श्री एस० डी० मिश्र (उत्तर प्रदेश) : हम सब लोग चाहते हैं ।

श्री राजनारायण : मैं कहता हूं, सुभाषचन्द्र बोस कहते थे गऊ की रक्षा हो ।

SHRI A.P. CHATTERJEE: Never.

श्री शीलभद्र याजी (बिहार) : आपका सवाल क्या है ?

श्री राजनारायण : सवाल यह है कि जो नेता सुभाषचन्द्र को नहीं जानते हैं वे न कहें ।

SHRI A.P. CHATTERJEE: I ara not a supporter of Bose. But Bose never said that.

SHRI RAJ NARAIN : I know Bose more than Shri A.P. Chatterjee knows him.

मैं श्री सुभाषचन्द्र बोस को ज्यादा जानता हूं बनिस्बत ए० पी० चटर्जी के ।

श्री उपसभापति : हम तो आपका सवाल जानना चाहते हैं ।

श्री राजनारायण : अगर ए० पी० चटर्जी गोमांस खाना चाहें अपनी तंदुरुस्ती के लिये, तो मैं चाहता हूं उनको जरूर इजाजत मिलनी चाहिए, वे खायें, हमको इसमें ऐतराज नहीं है । सरकार की जिम्मेदारी सामूहिक है, सरकार बनती है जिम्मेदारी के लिये और व्यक्ति अलग अलग हैं, सरकार एक समूह है । मेरा यह कहना है कि सरकार का दृष्टिकोण क्या है, वह अपने दृष्टिकोण का स्पष्टीकरण करे । तो मैं स्पष्ट ढंग से कहना चाहता हूं कि गो-रक्षा का सवाल सम्प्रदायवाद, गैर-सम्प्रदायवाद, प्रगतिवाद और प्रतिक्रियावाद, इन रोचक शब्दों में न बांधा जाय । गौ-रक्षा का प्रश्न एक बहुत बड़ा प्रश्न है कि किस तरह से हमारी गऊ सम्पदा स्वस्थ रहे, किस तरह से उनकी नश्ल अच्छी हो, किस तरह से गायों का दूध ठीक हो जिससे हमारी जनता की तन्दुरुस्ती ठीक रहे, इन तमाम बातों का अच्छी प्रकार से मैं स्पष्टीकरण चाहता हूं ।

श्री उपसभापति : अब आप बैठ जाइये ।

श्री जगजीवन राम : माननीय सदस्य ने बहुत सी बातें कहीं और ऐसी कोई खास बात नहीं है जिसका जवाब देना आवश्यक है । उन्होंने ब्राह्मण की बात की । यह मैंने इसलिए कहा कि आमतौर पर इस देश में धार्मिक नेता के रूप में और गौ रक्षा के रूप में माने जाते हैं और इसी संदर्भ में मैंने यह बात कही । कोई सोच समझकर ब्राह्मण ही उसमें रखे, यह बात नहीं है ।

श्री राजनारायण : श्रीमन्, उन्होंने क्या कहा, हम सुन नहीं सके । उन्होंने जानबूझकर ब्राह्मण शब्द··

श्री जगजीवन राम : मैं कहूंगा इस बात को कि है और इसमें जो सत्य है उसको मैं नहीं छिपाऊंगा ।

(*Interruptions*)

श्री राजनारायण : श्रीमान्, वे क्या कह रहे हैं ।

श्री उपसभापति : बाद में पता चलेगा कि वे क्या कह रहे हैं । आप उन्हें कहने तो दीजिये ।

श्री राजनारायण : जो वे कहते है दबी आवाज से कहते हैं जिससे यह मालूम नहीं होता है कि वे क्या कह रहे है । यह मेज पीटना असभ्यता माना जाता है ।

(*Interruptions*)

श्री जगजीवन राम : चमार गो मांस नहीं खाता है, ब्राह्मण खाने वाले मिल जाते है , इस बात की यहां पर कोई आवश्यकता नहीं है ।

(*Interruptions*)

श्री राजनारायण : ब्राह्मण शब्द क्यों कहा ?

श्री जगजीवन राम : ब्राह्मण शब्द इसलिए कहा क्योंकि वह तथ्य है ।

श्री राजनारायण : श्रीमन् मैं आप से कहना चाहता हूं कि आप संविधान की रक्षा करें । संविधान के अन्तर्गत ब्राह्मण, चमार, भंगी, नाई, ठाकुर, सब को कमेटी में रखा जाना चाहिये और इस तरह से जान बूझकर यह मंत्री संविधान की हत्या कर रहा है । जो जानकार हो, चाहे वह मुसलमान हो, चाहे हिन्दू हो, चाहे ब्राह्मण हो, चाहे चमार हो,

[श्री राजनारायण]

वह कमेटी में रहे। ब्राह्मण के लिए कोई खासियत नहीं है कि वह इस कमेटी में रहे।

श्री जगजीवन राम : खासियत है और समाज में भी है। सत्य को नहीं भुलाया जा सकता है और तथ्य को नहीं छिपाया जा सकता है।

श्री राजनारायण : क्या श्रीमती इन्दिरा नेहरू गांधी ब्राह्मण है।

श्री जगजीवन राम : राजनारायण सोशलिस्ट हो गये तो वे क्या भूमिहार नहीं है।

श्री राजनारायण : राजनारायण जाय जहन्नुम में। मैं फिर कहना चाहता हूं कि यह मंत्री इस देश को जहन्नुम में ले जायेगा। राजनारायण इन्सान है। न वह ब्राह्मण है, न वह भूमिहार है, न चमार है, न भंगी है, वह तो एक इन्सान है और राजनारायण एक इन्सान है।

श्री उपसभापति : राजनारायण जी सवाल के जवाब को समझो और सुनो।

श्री जगजीवन राम : दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि न मैंने किसी को रूढ़िवादी कहा और न ही पोंगापंथी कहा। मैंने इन शब्दों का तो इस्तेमाल ही नहीं किया और श्री राजनारायण के दिमाग में यह बात कहां से आ गई कि मैंने यह शब्द कहे। मैंने कभी यह नहीं कहा और न मैंने कभी इन शब्दों का इस्तेमाल ही किया। मैं किस लिए इन शब्दों का इस्तेमाल करता क्योंकि इनके कहने की आवश्यकता नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि इन शब्दों का सवाल उठा ही नहीं।

श्री राजनारायण : श्रीमन, मैं यह··

श्री उपसभापति : आप उनकी बात पूरी तो सुन लें।

श्री जगजीवन राम : दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि मने खुद यह कहा है कि गो रक्षा का असल जो सवाल है वह गाय की नस्ल को सुधारना है। गाय को किस तरह से हम अच्छी तरह से रख सकते हैं, गाय के दूध को किस तरह से हम बढ़ा सकते हैं, ये सारी चीजें है जो आवश्यक है और जिनकी ओर हमें काम करना है। इस तरह से हम गो रक्षा के मामले को अधिक तेजी से बढ़ा सकते हैं और यही कारण है कि हमने एक समिति बनाई थी जो हमें अपनी राय दें। जब उसकी सिफारिश आयेगी तो हम उस पर विचार करेंगे।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Bhupesh Gupta.

श्री मानसिंह वर्मा (उत्तर प्रदेश) : हमारी बारी कब आयेगी।

श्री उपसभापति : आपकी पार्टी की तरफ से श्री सुन्दर सिंह भंडारी जी को बुलाया गया और श्री निरंजन वर्मा जी को बुलाया गया। इस हाउस में 200 से भी ज्यादा मेम्बर हैं। अगर हरएक को कालिंग अटेन्शन के संबंध में बुलाया जायेगा तो किस तरह से काम चलेगा।

श्री मानसिंह वर्मा : आपको तो समय देना ही होगा। जो नहीं चाहता है उसको तो आप समय दे रहे हैं। उनसे भी पहले से हम उठ रहे है।

श्री उपसभापति : कम्युनिस्ट पार्टी की तरफ से अभी तक कोई नहीं बोला।

Every party should get a chance to seek clarifications.

श्री मानसिंह वर्मा : स्पष्टीकरण कोई भी मांग सकता है।

श्री उपसभापति : कालिंग अटेन्शन में हर पार्टी को क्लैरिफिकेशन करने का मौका दिया जाता है और हर मेम्बर को देना मुमकिन नहीं है।

SHRI BHUPESH GUPTA: Sir, going through Ihe statement, I must say that I feel a little confused as to exactly what the Government is aiming at. The background of this anti-cow slaughter agitation is well known in the country. As far as the Constitution is concerned, the caption itself of article 48 of the Directive Principles,

which again is not enforceable, says "Organisation of agriculture and animal husbandly." In that contest, the cow slaughter question or the protection of certain categories of cows was considered by the Constituent Assembly and certain decisions were taken; whether they were right or wrong, I am not going into that. Now we would not like this to be enlarged in order to impose what they call an overall ban. Yctu must stick to the words of the Constitution; now of course, they say "as interpreted by the Supreme Court." But we discuss also sometimes interpretations and judgments of the Supreme Court. Why, for example, we are not in a position to discuss this question *de novo,* if necessary, from a progressive, secular angle and from the point of view of our economy and animal husbandry? If there is any lacuna, that should be removed. The Constitution should not be amended to suit the wishes of certain retrograde, revivalist, communal forces in the country. Now, some time ago. I brought *to* the notice of this House an issue of *Organiser* whose front page contained the picture of the head of a cow—"Mother Cow Weeping." Mother Cow is weeping all the time, I know.

{Interruptions)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please put your question.

SHRI BHUPESH GUPTA: Sir, this is very important because Mr. Golwalkar is here and he is being consulted. In that special number of *'Organiser"* on anti-cow slaughter, on the front page there was a full-page picture of the head of a cow with tears rolling down. Mother Cow weeps Sir, I am not one of those who regard cow as our mother.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What is your question ?

SHRI BHUPESH GUPTA: I want a clear assurance from the Government— Shri Jagjivan Ram will kindly give it—that this question will not be hindled, if at all it is handled in future, in such a manner that the communal, revivalist forces, the so-called worshippers of cow who kill the cow spiritually, get any encouragement what-soever. It shall not be handled in a manner that the communal forces in the country can exploit this issue, when they are getting isolated, to rouse certain elemental and backward passions among certain sections of the people in order io make political aggrandisement. We know what happened on the 7th November 1966 when the so-called anti-cow slaughter demonstration took place in Delhi. *(Interruption)* Those who are weeping for cows should stop manslaughter first in Ahmedabad, Ranchi and other places. Those who are guilty of manslaughter should not harangue on anti-cow slaughter.

{Interruptions)

SHRI JAGJIVAN RAM: The eloquence of my friend, Mr. Bhupesh Gupta, is quite impressive. But if he goes through the statement, he will find answers to all the doubts that he has raised.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Al) right, Mr. Varma, only one brief question.

SHRl BHUPESH GUPTA: But, Mr. Deputy Chairman, this is not proper. I could not catch him. Shri Jagjivan Ram said that he made a statement and that I should look for my answer there. If I had found that answer I would not have sought the clarification.. .

MR. DEPUTY CHAIRMAN : When you asked a question, he gave the reply and you kept quiet.

SHRI BHUPESH GUPTA: No. no. The fact that you allowed me to seek a clarification presupposes that at least I could not find the answer, and having not found the answer I would not like to be again referred back to the statement. Will Shri Jagjivan Ram kindly expand himself on the subject a little ? Expandable he is.

SHRI JAGJIVAN RAM: My answer will be very simple, that we know all this problem of cow protection in the context of the social and economic development of the country , and in that spirit, in that context, the whole thing has to be examined. And if you look into the statement.. .

SHRI BHUPESH GUPTA: No, no.

SHRI JAGJIVAN RAM: ... if you look into the terms of reference, you will be convinced that the approach of the Government is what you like it to be.

श्री मानसिंह वर्मा : श्रीमन्, माननीय मंत्री जी ने अपने स्पष्टीकरण में कई बार इस बात पर बल दिया है कि गो हत्या को रोकने का सबसे बड़ा साधन यह है कि उसकी रक्षा की जाय, उसकी नस्ल सुधारी जाय, उसके लिए और प्रयत्न किए जायं और उन लोगों की तरफ भी उन्होंने ध्यान दिलाया है जो गो रक्षा की बात करते हैं और कहा है कि वे भी ऐसा करें। किन्तु माननीय मंत्री जी यहां पर सरकार के प्रवक्ता है, वे बताएं कि सरकार की ओर से गो संवर्द्धन और संरक्षण के लिए अब तक क्या प्रयत्न किए गए हैं ? मैं जानना चाहता हूं कि जिस प्रकार आपकी तरफ से मुर्गी-पालन, मछली-पालन, सुअर-पालन के लिए डिपार्टमेंट्स खोले गए हैं और उसके लिए बड़ा रुपया दिया जा रहा है, उसी प्रकार से गो-पालन के लिए अब तक क्या क्या प्रयत्न किए गए हैं ?

श्री जगजीवन राम : मैं बहुत अदब के साथ माननीय सदस्य को कहूंगा कि फूड एंड एग्री-कल्चर मिनिस्ट्री के बजट को पढ़ने का वे कष्ट करें तो उनको जवाब मिल जायगा कि मुर्गी-पालन है, सुअर-पालन है तो उसके साथ गौ-पालन भी है। मैं यह दावा कर सकता हूं—अज्ञानता सब प्रश्नों की जननी नहीं होनी चाहिए अगर यहां मुर्गीपालक हैं तो कृषि मंत्रालय में गोपाल भी है।

श्री शीलभद्र याजी : मैं एक बात पूछना चाहता हूं। कांस्टीट्यूशन में दुधारू पशुओं के लिए है। गाय दूध देती है, भैंस दूध देती है, बकरी भी दूध देती है, घोड़ी भी दूध देती है . . .

श्री जगजीवन राम : गदही भी देती हैं, ऊंटनी भी देती हैं।

श्री शीलभद्र याजी : जो दूध देगी वह माता हो जायगी, तो क्या यह सब माताओं में शुमार की जाएंगी और क्या इनकी रक्षा के लिए सरकार कुछ कर रही हैं ?

श्री जगजीवन राम : माननीय सदस्य कमेटी के टर्म्स आफ रेफरेंस को पढ़ें।

That is a Cow Protection Committee and not a Mare Protection Committee.

SHRl G. RAMACHANDRAN (Nominated): Sir, Gandhiji*s name has been brought into the picture and I would say a sentence or twu about it and then ask the Minister a question. Nobody in modern India has tried to take care of cattle, particularly, the cow, more than Mahatma Gandhi. He started an organisation called the *Go Seva Samiti.* But at no time in his utterances or in hh writings did he ever ask for a legal ban asainst cattle-killing That is number one.

Does the Minister know and has he not got enough facts and data in his hands to prove that no country in the world ill-treats the cow and the bullock more than Hindu India and that no community takes less care of and looks after the interests of the cow than the community which is now vociferously asking for a ban on cow slaughter? Does he knew it?

SHRI JAGJIVAN RAM: I will refer the honourable Member to many of the publications where there are obvious-facts on the cow, how much yield it gives.. *(Interruption).* . they are cows that will not give even one pound of milk in twentyfour hours—all these things are there. Great care has to be taken to improve the breed of cows. I have been repeating that that is one of the ways in which to ensure cow protection.

SHRI K. P. SUBRAMANIA MENON (Keraia): Sir, reference has been made to the traditicn of worshipping the cow. May I point out to the Minister that we in India have also been accustomed to worshipping pigs? The pig, the *Varaha,* is one of the ten *avatharas,* and there are so many temples devoted to the *Varaha.* So, I would like to know whether the Government will think of bringing forward a legislation prohibiting pig slaughter along with cow slaughter. Secondly, in a country like India where the large majority of the people are suffering from malnutrition and lack of proteins in their food, I would like to know whether it is advisable to ban cow-slaughter legally because beef is a rich

source of proteins for human beings. In view of this, will the Government drop completely the idea of banning cow slaughter

SHRI A. P. CHATTERJEE: And beef is a tasty dish also.

SHRI K. P. SUBRAMANIA MENON: Because it prevents the Indian people from having recourse to a rich source of proteins, rich food?

SHRI JAGJIVAN RAM: The Supreme-Court ruling is given in the statement that has been circulated. *(Interruptions)* I am afraid the acceptance of the suggestion of the honourable Member will become *Ultra vires* of that ruling.

डा० भाई महावीर : महोदय, इस सवाल पर कुछ बिलकुल असंगत बातें लाई गई हैं, मैं उनमें नहीं जाऊंगा । मैं एक बात मंत्री महोदय के ध्यान में लाऊंगा कि आपने जो वक्तव्य दिया है उसके चौथे पैराग्राफ में आपने कहा है--

"The Committee will suggest ways and means for the effective implementation of the provisions of Article 48 of the Constitution and also give full consideration to any suggestion that the Constitution should be amended to bring about a total ban on the slaughter of ccw and its progeny.

इन वाक्यों का अगर कुछ अर्थ है तो यह है कि जो अनुच्छेद 48 है उसके अनुसार गोरक्षण के लिए यह कमेटी विचार करेगी और यदि उस अनुच्छेद में कोई कमी दिखाई देती है तो उस दृष्टि से, 'टोटल बैन' की दृष्टि से संविधान के संशोधन की बात भी सोचेगी । यह कहने के बाद यहां पर हमें बताया गया है कि कमेटी ने कुछ स्पष्टीकरण मांगा और उस स्पष्टीकरण के लिये जाने के बाद--

"The clarification given in the Ministry's communication dated 10th August was accepted by the members of the Committee."

मैं जानना चाहता हूं कि जब यह स्पष्टीकरण मान लिया गया इस कमेटी के द्वारा तो बाद में

•"The same question was again raised by the members representing the Sarvada-liya Goraksha Mahabhiyan Samiti."

जिस कमेटी ने आपके स्पष्टीकरण को एक-बार मान लिया उसी कमेटी ने वह प्रश्न दुबारा उठाया इसका कारण क्या है ? हमारे मित्र श्री कृष्ण कान्त को हर जगह जनसंघ-का हौआ दिखाई देता है, मुझे उनसे हमदर्दी है । लेकिन मुझे पूछना यह है कि इस कमेटी के अन्दर जूडीशियल आदमी जस्टिस राम प्रसाद मुखर्जी भी थे, वे किसी पोलिटिकल मोटिव से वहां पर नहीं थे, वे जूडीशियल माइन्ड रखने वाले व्यक्ति हैं, उन्होंने पहले स्पष्टीकरण स्वीकार किया, उसके बाद फिर ऐसी स्थिति क्यों आई कि वे उस समिति से अलग हो गए ? क्या इसका कारण यह नहीं है कि जो उस कमेटी के अध्यक्ष हैं या सरकार के प्रतिनिधि हैं उन्होंने कोई ऐसी नई व्याख्या कोई नया इन्टरप्रिटेशन दिया जो पहले की सरकार की नीति के साथ मेल नहीं खाता था ? नहीं तो साल भर काम करने के बाद अगर आप का वहां स्टेंड था तो कमेटी के तीन वरिष्ठ सदस्य क्यों उस को छोड़ने के लिए तैयार हुए ? मैं नहीं समझ सका कि क्यों उन को विभ्रम हुआ या क्यों उन के दिमाग में कोई शंका आई । एक बात मैं और कहना चाहूंगा । जब विधान की बात कही गयी और यहां पर कहा गया कि गोवधबंदी की मांग रखने वाले जनसंघी हैं तो मुझे बड़ी प्रसन्नता हुई कि वे सारे जनसंघी ही थे जिन्होंने संविधान बनाया और जिन्होंने अनुच्छेद 48 को उस के अंदर रखा । मुझे इस में गौरव है । लेकिन इस को बढ़ा कर हमारे मित्र कहते हैं कि भारत में गौवें बहुत हैं, हमारे सी० पी० (एम०) के भाई का कहना है कि वे बहुत है इस लिए उन्हें काट कर खाने के प्रयोग में क्यों न लाया जाय, इस को बढ़ावा क्यों नहीं देती सरकार । मैं श्री चटर्जी को बताना चाहता हूं कि जहां से आप का दिमाग चलता है उस देश, चीन में तो खाने के लिए कोई चौपाया छोड़ा नहीं जाता सिवाय मेज के,

[डा० भाई महावीर]

और पानी की कोई चीज छोड़ी नहीं जाती सिवाय नाव (किश्ती) के, और आकाश में उड़ने वाली चीजों में कोई चीज छोड़ी नहीं जाती सिवाय पतंग के । तो चीन वालों के ढंग से सोच कर . . .

(*Interruption*)

श्री उपसभापति : आप अपनी बात कहें ।

डा० भाई महावीर : हम लोगों पर भी कटाक्ष हुए हैं और जिन्होंने कटाक्ष किये हैं उनको उस का जवाब भी सुनना चाहिए ।

श्री उपसभापति : आप जवाब सुनाने के लिए नहीं हैं । आप क्लैरिफिकेशन पूछने के लिए खड़े हुए हैं ।

डा० भाई महावीर : मैं जवाब दे रहा हूं सवाल पूछने के लिए । अब मैं सवाल ही पूछ रहा हूं । तो जब यह मांग की जाती है तो कल उनके दल का कोई सदस्य यह भी मांग कर सकता है—क्योंकि उन के दल के लोग दूसरे दल के कार्यकर्ताओं का कत्ल करना अपना अधिकार समझते हैं—कि हमारे पास खाने की कमी है, इसलिए मनुष्य को खाया जाये क्या उनमें से कोई आदमी का मांस खाने की दलील क्यों नहीं देगा यह मैं जानना चाहता हूं और इसी संदर्भ में मैं माननीय मन्त्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि क्या जो संविधान ने कहा और जो इस कमेटी के टर्म्स आफ रेफरेंस में लिखा गया और गोरक्षा के लिए जो यह अनुच्छेद है इस के संदर्भ में और जरूरत पड़ने पर इस दृष्टि से संविधान के संशोधन का सुझाव देने के लिए क्या यह समिति विचार करेगी । इन्हीं सीमाओं के अंदर रह कर वह समिति कार्य करेगी या जिस तरह से प्रोग्रेसिवइज्म के नाम पर यहां वितंडावाद खड़ा किये जाने का प्रयत्न किया गया है उस के दबाव में सरकार आ जायेगी ?

R. DEPUTY CHAIRMAN: The hon. Minister.

SHRI NIREN GHOSH: They have de veloped the art of killing ___

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Order, order please, Mr. Niren Ghosh.

SHRI NIREN GHOSH:....as a fine art and it is exhibited all over India on a wide scale.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Order, order please.

DR. BHAI MAHAVIR: The hon. Member is not the Minister yet though he may be an appendage of the Prime Minister.

M

श्री जगजीवन राम : उपसभापति जी, भाई महावीर और श्री चटर्जी के डुएल में मैं पड़ना नहीं चाहता । मैंने उनके प्रश्नों के उत्तर में भी कहा था जब तक संविधान का 48 वां अनुच्छेद है और जब तक उस की व्याख्या जो सुप्रीम कोर्ट ने की है वह है, यह सरकार के लिए लाजमी है कि राज्य सरकारों से प्रयत्न कर के उस के ऊपर अमल कराएं ।

जहां तक टर्म्स आफ रेफरेंस का प्रश्न है, मैं ने उस का पहले भी जवाब दिया । मैं उस समिति में नहीं था । जो कुछ हमारे पास रिपोर्ट आयी उस के आधार पर कह सकता हूं कि कुछ गवाहों के दबाव आये । उन्होंने कुछ भ्रान्ति पैदा की । उसके बाद समिति में बहस हुई और समिति में बहुत बड़े-बड़े लोग हैं । सुप्रीम कोर्ट के एक अवकाश प्राप्त चीफ जस्टिस हैं, जस्टिस श्यामा प्रसाद मुकर्जी हैं, उस के अलावा भी हमारे देश के कुछ महान व्यक्ति उस में हैं । अब वहां पर उनके अंदर यह कुछ वहम पैदा हुआ टर्म्स आफ रेफरेंस के बारे में । जो टर्म्स आफ रेफरेंस हैं वह सदन के और सभी सदस्यों के सामने हैं । मैं उसके संबंध में क्या कह सकता हूं । उस कमेटी के सामने भी वही टर्म्स आफ रेफरेंस हैं और समिति को उस टर्म्स आफ रेफरेंस की परिधि के भीतर रह कर काम करना है । मैं तो बराबर यही कहूंगा कि उस परिधि में उनको काम करना चाहिए और बाहरी बातों का ख्याल उनको नहीं करना चाहिए ।

डा० भाई महावीर : जो क्लैरिफिकेशन सरकार ने इस बार दिया और कमेटी ने मान

लिया उस क्लैरिफिकेशन के बाद ऐसा कौन-सा नया प्रश्न या नया इंटरप्रिटेशन हुआ कि यह क्राइसिस उस कमेटी में पैदा हो गया इस के बारे में भी तो आप कुछ जानते होंगे वह बताइये न?

श्री जगजीवन राम : इसमें भेद यहीं पर हुआ कि कुछ सदस्यों की यह राय हुई कि संपूर्ण प्रतिबंध के अलावा दूसरी बातों पर विचार नहीं किया जा सकता, लेकिन कुछ सदस्यों की राय थी कि संपूर्ण प्रतिबंध के साथ साथ अन्य प्रश्नों पर भी विचार किया जा सकता है । मतभेद यहीं पर हुआ । उसके बाद वहां पर फिर यह बहस हुई कि सरकार से फिर खुलासा किया जाय । फिर समिति ने खुद निश्चय कर लिया कि सरकार से खुलासा कराने की जरूरत नहीं । हमने एक बार खुलासा कर लिया है । मतभेद यहीं पर हुआ ।

श्री उपसभापति : ठीक है ।

REFERENCE TO REMARKS MADE BY A GOVERNMENT OFFICIAL WHILE INAUGURATING A TALK ON TELEVISION ABOUT THE WORKING OF GOVERNMENT OFFICES

श्री आबिद अली (महाराष्ट्र) : उपसभापति जी, हमारी सरकार के दफ्तरों की कार्य पद्धति ऐसी हो गयी है कि जब तक खूबसूरत लड़कियां और शराब की बोतलें पेश न की जायें, एक टेबल से दूसरे टेबल तक फाइल नहीं जाती। यह मैं नहीं कह रहा हूं। This is what I heard myself an official of the All India Radio to say.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Are you speaking on the Commissions of Inquiry' (Amendment) Bill?

SHRI ABID ALI: No, Sir. This is another item and the Chairman has given me permission to raise this item.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes, you are right.

SHRI ABID ALI: The English version of what I said in the beginning is that the system of working of Government offices has become such that no file would move from one table to another unless beautiful girls and liquor bottles are supplied. As soon as I heard that sometime back, 1 wrote to....

(Interruptions)

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Order, order.

SHRI ABID ALI: I am one with the hon. Member in condemning this. I don't say it but it is AH India Radio. It is Indiraism that is existing in this country and Government offices have come to that extent that a Government official himself had to say it. So. Sir, as soon as I heard this, I wrote to the hon. Minister. Shri Satya Narayan Sinha, and then sent three reminders, and I am mentioning here today that even after three reminders he did not reply. And then I requested the Chairman that this matter should be mentioned here by me so that Government may have an opportunii;. to tell the people that this is not the system of Government offices. Although I am in the opposition I want a good system to prevail and I want that Government offices should not be maligned to that extent although there are bad officers and dishonesty. So what has ihe hon. Minister to say about this question?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING AND IN THE DEPERTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL): Sir, becciuse I did not have prior notice for this I am not prepared to reply in detail, but I am aware that the hon. Member wrote to the hon. Minister on the subject, and I think a reply has either been sent to him or is being sent to him. The only thing that I can say at this stage is that the hon. Member has quoted something out of context totally. I am told that in the feature that was going on there was a long poem and as a pari of that this aho was mentioned as a satire on somebody. It was not as if it was being said as a feature by itself, and therefore it will be worth my hon. friend's while if he really quotes the whole thing and does not tear out one or two parts out of context.

SHRI ABID ALI: No, no. I am personally aware of the fact. He has informa tion what has been given to him, which is absolutely wrong. Sir, the fact is that there was a talk, about the working of Govern-